# राजेश पायलट गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के कल्याण के लिये सदैव समर्पित रहे: सांवत गुर्जर



कोटपुतली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आमजन ने राजेश पायलट को श्रद्धांजलि दी।

■ राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर विभिन्न सेवा कार्यो व श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन

**कोटपूतली।** लोकप्रिय किसान नेता व पूर्व केन्द्रिय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 26 वीं पुण्यतिथि गुरूवार को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर जगह- जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रमों व सेवा कार्यो का आयोजन हुआ। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर के नेतृत्व में यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय स्थित राजेश पायलट की प्रतिमा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, आमजन, सामाजिक कार्यकर्ताओं व महाविधालय स्टॉफ सदस्यों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर ने कहा कि राजेश पायलट गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के कल्याण के लिये सदैव समर्पित रहे और उन्होंने हमेशा अपने सिद्धांतों पर अडिग रहकर राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि माना। उन्हें देश में किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के उत्थान के लिए मजबूत आवाज उठाने वाले नेता के रूप में देखा जाता है।

उनकी पुण्यतिथि को प्रतिवर्ष प्रेरणा दिवस के रूप में मनाते हैं और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। वहीं दूसरी ओर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहड़ा के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी की अध्यक्षता में किसान नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने किसान नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि किसान, मजदूर, दलित-वंचित व अल्पसंख्यक वर्ग अपने हित चिंतक और उनकी मुखर आवाज को युगों-युगों तक याद रखेगें।

पायलट ने अपने संघर्ष, सादगी और जनसेवा के माध्यम से भारतीय राजनीति में एक नया मुकाम हांसिल किया और एक नई पहचान स्थापित की।

उन्होंने किसानों, मजदूरों, युवाओं और गरीबों के अधिकारों की आवाज बनकर समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उनका सम्पूर्ण जीवन जनहित, सामाजिक न्याय और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहा।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट का संघर्ष, सादगी, जनसेवा और किसानों के हितों के प्रति समर्पण सदैव हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। उनके आदर्श एवं विचार आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि इस दौरान पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर, जगदीश मीणा, कविता टोरड़ा, मालीराम कसाणा, पं. किशोरी लाल शर्मा, जगमाल सिंह यादव समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वांछित 4 आरोपी गिरफ्तार

**टोंक ।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस थाना निवाई द्वारा शादी कर रूपये व गहने चोरी करने वाली शातिर गिरोह का पर्दापाश किया। इस कार्यवाही में धोखाधडी कर रात्रि के समय घर से गहना व रूपये चुराकर एक वर्ष से फरार चल रही आरोपी दुल्हन सोनु शर्मा व शादी करवाने वाली बिचोलिया महिला संगीता राजपुत कों गिरफ्तार किया गया है। निवाई थानाधिकारी घासीराम ने बताया कि थाना के लंबित चल रहे प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए थाना पुलिस टीम ने गिरोह के सदस्यों द्वारा रूपये लेकर शादी करना व शादी के 7-8 दिन बाद मौका पाकर रात्रि के समय घरवालो को नींद की गोलिया देकर घर से गहने व रूपये चुराकर फरार होने वाली लुटेरी दुल्हन सोनु शर्मा पत्नि मनोज शर्मा उम्र 40 साल निवासी अहमदगढ़ पुलिस थाना अहमदगढ जिला बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश व शादी करवाने वाली बिचोलिया महिला आरोपीया संगीता पत्नि शिवसिह राजपुत उम्र 39 साल निवासी कचनार की मडैया घरांमउ पुलिस थाना सिकन्द्ररा जिला कानपुर उत्तर प्रदेश को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### दस्तावेजों के सत्यापन की अन्तिम तिथि कल

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष की मेरिट व वेटिंग लिस्ट जारी कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी बघेल ने बताया कि आयुक्तालय के निर्देशानुसार ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक प्रथम वर्ष के कला व विज्ञान संकाय की मेरिट व वेटिंग लिस्ट जारी की गई है। प्रवेश नोडल अधिकारी प्रोफेसर मदनमोहन महावर ने बताया कि महाविद्यालय में दस्तावेज का सत्यापन 10 से 13 जून तक किया जाएगा। मेरिट व वेटिंग सभी विद्यार्थी ई-मित्र से बधाई पत्र निकलवाकर अपने सभी मूल दस्तावेज व सभी की प्रतिलिपि लेकर महाविद्यालय में 11 से 2 बजे तक उपस्थित होवें। वेटिंग लिस्ट के विद्यार्थियों को भी अभी फीस जमा करवानी है।

### 'भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे'

**राजगढ़।** कस्बे के गोविंद देव जी मंदिर में तीन जून से चल रही भक्तमाल कथा में गुरुवार को भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति पर श्रोता महिला पुरुष झूम उठे। कथा वाचक नरेंद्र गौड़ के भावपूर्ण कथा वाचन एवं सुदामा कृष्ण की झांकी के साथ मनोहारी भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ कमाया। इस दौरान आकर्षक झांकी सजाई गई। भक्तमाल कथा के समापन से पूर्व गुरुवार को राज ऋषि अभय समाज अलवर के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता पंडित धर्मवीर शर्मा, गोल मार्केट हनुमान मंदिर के महंत पंडित उदयभान शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। कथा प्रवचन के दौरान जब "आओ आओ सांवरिया बेगा आओ" की मधुर प्रस्तुति हुई, तो श्रोता भाव-विभोर होकर नाचने लगे। ढोल एवं संगीत से ओतप्रोत माहौल में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक एवं महिलाओं ने नृत्य कर अपनी आस्था प्रकट की। वातावरण "कृष्ण-सुदामा की जय" और "राधे-राधे" के जयकारों से गूंज उठा । गोविंद देव जी मंदिर के महंत गोस्वामी दिलीप मुखर्जी ने बताया कि कथा का समापन 12 जून को होगा। गुरुवार को कथा के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इसी दौरान मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### सीएच वेंकटचलम बने एआईबीईए के महासचिव

**निवाई।** ऑल इण्डिया बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के महासचिव के पद पर पुन: कॉमरेड सीएच वेंकटचलम को मनोनीत किया है। ऑल राजस्थान एसबीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन के चैयरमैन महेश मिश्रा ने बताया कि एआईबीईए का कॉमरेड सीएच वेंकटचलम को पुन: महासचिव के पद पर निर्वाचित होने पर संगठन में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त महासचिव सीएच वेंकटचलम का अनुभवी नेतृत्व, संघर्षशील सोच एवं कर्मचारियों के हितों के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायी है। ऑल राजस्थान एसबीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव कॉमरेड गौरव कुमार शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों को पूर्ण विश्वास है कि इनके मार्गदर्शन में एआईबीईए और अधिक सशक्त, एकजुट एवं प्रगतिशील बनेगा। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने महासचिव सीएच वेंकटचलम के सफल एवं गौरवपूर्ण कार्यकाल की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### टोंक में कांग्रेस जनो ने राजेश पायलट को पुष्पाजंली अर्पित कीं

**टोंक।** पूर्व केंद्रीय मंत्री किसान नेता राजेश पायलट की (पुण्यतिथि) प्रेरणा दिवस पर गुरूवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के राजीव गांधी सभागार में कांग्रेस पदाधिकारिओ व कार्यकर्ताओं द्वारा राजेश पायलट के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर पायलट की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग ने कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट कि सादगी, साहस और जनसेवा उनके व्यक्तित्व की पहचान थी, जीवनभर किसानों, वंचितों, श्रमिकों और शोषितों के अधिकारों के लिए पायलट ने संघर्ष किया तथा देशहित को अपने जीवन का सर्वोच्च धर्म माना। इस अवसर पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान, शब्बीर अहमद, सेवादल जिला अध्यक्ष अब्दुल खालिक, बरकत हसीन, रशीद मोहम्मद, रामलाल संडीला, युसूफ खान यूनिवर्सल, राजेंद्र बोकाण, इम्तियाज़ खान, पंकज यादव, वासिद नूर आमिर फारूक, अजमल प्रिया आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी में राजेश पायलट को याद किया।

### अंधड़ से हुए नुकसान का विधायक रामसहाय वर्मा ने किया दौरा

**निवाई।** उपखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में आए भीषण अंधड़ से ग्रामीणों के हुए भारी नुकसान का विधायक रामसहाय वर्मा ने निरीक्षण करके जायजा लिया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि इस भीषण अंधड़ और बरसात के कारण क्षेत्र के लोगों को जो भारी नुकसान उठाना पड़ा है, प्राकृतिक आपदा पर किसी का बस नहीं होता, लेकिन सरकार व प्रशासन का यह फर्ज है कि वह संकट में हर नागरिक की मदद करे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नुकसान का उचित आकलन करवाकर सभी पीड़ित जनों को नियमानुसार जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिलवाया जाएगा। विधायक ने मौके पर उपस्थित उपखंड अधिकारी अजीतसिंह राठौड़ को निर्देश दिए कि वह पूरी संवेदनशीलता के साथ नुकसान का सर्वे करवाएं ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत एवं सहायता राशि मिल सके। इस दौरान प्राकृतिक आपदा व बरसात से हुए नुकसान को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा ने ग्रामीणों से चर्चा की। अवलोकन के दौरान उन्होंने गांव सुनारा, बीड सुनारा, शोभागपुरा, सुनारी, प्रतापपुरा, आकोडिय़ा व भड़ंगपुरा सहित दर्जनों गांवों में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी के साथ दौरा किया।

## सार-समाचार

### जरूरतमंदों को बांटी खाद्य सामग्री

**कोटपूतली।** लोकप्रिय किसान नेता व पूर्व केन्द्रिय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 26 वीं पुण्यतिथि पर विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यों का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल द्वारा यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को फल एवं ज्यूस का वितरण किया गया। साथ ही अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान षिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 51 यूनिट रक्त संठाहित किया गया। इस दौरान डॉ. एस. के. अग्रवाल, डॉ. एस. पी. मौर्य, डॉ. संजीव मीणा, डॉ. पिस्ता मीणा, डॉ. सुमित्रा गुर्जर, डॉ. महेश कसाना, डॉ. महेश प्रधान, डॉ. अशोक यादव, डॉ. सीना मीणा सहित चिकित्सालय स्टॉफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कांग्रेस नेता भीम पटेल द्वारा घुमंतू परिवारों को भोजन के पैकेट और आवश्यक खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही जरूरतमंद बच्चों को अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई।

### स्नातक सेमेस्टर प्रथम में प्रवेश प्रक्रिया व दस्तावेज सत्यापन शुरू

**कोटपूतली।** यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक सेमेस्टर प्रथम की मुख्य मेरिट सूची व प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। कॉलेज प्रशासन ने प्रवेश से जुड़ी महत्वपूर्ण गाईडलाइंस और अंतिम तिथि की घोषणा की है। 13 जून तक दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा करना अनिवार्य :- प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि मुख्य सूची और प्रतीक्षा सूची में शामिल सभी अभ्यर्थियों को कॉलेज में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाना अनिवार्य है। दस्तावेज सत्यापन के तुरंत बाद अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रवेश शुल्क ई-मित्र के माध्यम से जमा करवाकर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 13 जून तय की गई है। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि में आगे किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। साथ ही महाविद्यालय में अंतिम तिथि बीत जाने के बाद लेट फीस (विलम्ब शुल्क) के साथ प्रवेश का कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। इसलिए सभी छात्र 13 जून तक आवश्यक रूप से कॉलेज पहुंचकर अपना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फीस जमा कराने का कार्य पूरा कर लें। प्रवेश समिति के नोडल अधिकारी डॉ. देशराज यादव ने उन छात्रों को बड़ी राहत दी है जिनके पास फिलहाल स्कूल से मिले मूल दस्तावेज नहीं हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें उनके विद्यालय से अभी तक मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र और मूल चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, वे परेशान ना हों। ऐसे छात्र एक सामान्य कागज पर शपथ-पत्र प्रस्तुत करके अपने अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करवा सकते हैं। हालांकि अभ्यर्थियों को इस शपथ-पत्र के माध्यम से यह वचन देना होगा कि वे प्रवेश की तारीख से 15 दिनों के भीतर अपनी मूल टी.सी. और सी.सी. महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करवा देंगे। नोडल अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 13 जून तक अपने दस्तावेजों का सत्यापन नहीं करवाता है और शुल्क जमा नहीं करता है, तो उसका प्रवेश स्वत: ही निरस्त मान लिया जाएगा। ऐसी स्थिति में इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती में पदों के वर्गीकरण से संबंधित समस्याओं को लेकर विशाल जांगिड़, देवेंद्र शर्मा एवं अजय ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ज्ञापन सौंपकर विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल के विशाल जांगिड़ ने बताया कि कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती में पर्याप्त परिपूरक पद नहीं होने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानियां होने से छात्र निराश हो रहे है। उन्होंने पदों में वृद्धि करवाने की मांग की। विद्यार्थियों बताया कि वर्तमान पद वर्गीकरण के कारण जनरल, ओबीसी, ईडब्लूएस एवं एमबीसी वर्ग के कई अभ्यार्थी शत प्रतिशत अंक प्राप्त लाने के बावजूद भी चयन से वंचित रह रहे हैं। अभ्यार्थियों मंत्री दिलावर से मांग की है कि जनरल, ओबीसी, ईडब्लूएस एवं एमबीसी वर्ग के पदों में शीघ्र वृद्धि की जाए एवं परीक्षा तिथि में उचित संशोधन किया जाए, ताकि पद वृद्धि के लिए प्रयासरत युवाओं को अपनी तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके और भर्ती प्रक्रिया अधिक न्यायसंगत एवं संतुलित बन सके।

### श्रद्धालुओं को शरबत बांटा

**निवाई।** परमा एकादशी पर इन्दिरा कॉलोनी में स्थित श्याम मंदिर के बाहर श्री राधा महिला मंडल द्वारा श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया गया। मंडल अध्यक्ष सरोज अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए श्याम भक्तों एव राहगीरों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तेज धूप में मंदिर के बाहर से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों एवं श्रद्धालुओं ने ठंडे शरबत का आनंद लिया और महिला मंडल के इस सेवा कार्य की सराहना की। इस दौरान शिप्रा जैन, नीलम जैन, भावना खंडेलवाल, पिंकी, अनीता अग्रवाल, वंदना शर्मा, रेखा कुमावत, इंदु जैन, रश्मि विजय, ललिता अग्रवाल, नीतू गुर्जर, कविता शर्मा, रेखा जैन, पूजा शर्मा व संजू नामा सहित महिला मंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

### विष्णु महायज्ञ का भूमि पूजन

**शाहपुरा।** शाहपुरा शहर के तमियां स्टेडियम के सामने स्थित श्री गोविंद देव जी मंदिर में त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास जी महाराज वह राम रतन दास जी महाराज डाकोर धाम के सानिध्य में 15 जुलाई को आयोजित होने वाले 51 कुंडात्मक महायज्ञ का दानेश्वर दास जी महाराज चित्रकूट धाम के द्वारा महाध्वजा व भूमि पूजन किया। पंडित विकास शास्त्री फतेहपुर बांसा के द्वारा वैदिक मंत्रों के द्वारा पूजा संपन्न कराई गई। महंत मुकेश मिश्रा व पुजारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि शहर में 15 जुलाई को 51 कुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ तथा श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन होगा।

# शहरी सेवा शिविर-2026 का आयोजन शुक्रवार से

■ आमजन को एक ही स्थान पर मिलेंगी विभिन्न नागरिक सेवायें

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर निकाय क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं नागरिक सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से शहरी सेवा शिविर-2026 का आयोजन शुक्रवार 12 जून से 15 जुलाई तक किया जायेगा। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाया जायेगा। शिविरों के दौरान शहर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए साफ-सफाई, सीसी/डामर सड़कों की मरम्मत, फुटपाथ निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, अंधेरी एवं सुनसान सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था, प्रमुख चौराहों, डिवाइडरों एवं पार्कों का सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न कार्य करवाए जायेंगे। साथ ही शिविरों में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, साइन बोर्ड लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, ओएफसी एवं मोबाइल टावर एनओसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सेवाओं से संबंधित कार्य किए जायेंगे। शिविरों में विभिन्न योजनाओं के तहत पट्टे जारी करने, लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करने, नालियों की मरम्मत, सीवर लाइन लीकेज की समस्या का समाधान, नामांतरण, खांचा भूमि, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति, भू-उपयोग परिवर्तन सहित लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। नगर निकाय द्वारा आयोजित इन शिविरों में वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं के लिए नए आवेदन प्राप्त कर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही आमजन के विभिन्न परिवादों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करने के प्रयास किए जायेंगे।

शिविर प्रभारी एवं सहायक प्रभारी नियुक्त : शहरी सेवा शिविरों के सफल आयोजन के लिए शिविर प्रभारी के रूप में अभिषेक सैनी, सचिव तथा शिविर सहप्रभारी के रूप में कृष्ण कुमार यादव को नियुक्त किया गया है। शिविर का समय प्रात: 09:30 बजे से सायं 06 बजे तक रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जून को नगर परिषद कार्यालय में वार्ड संख्या 01 से 05, 15 जून को वार्ड संख्या 06 से 10, 16 जून को वार्ड संख्या 11 से 15, 18 जून को वार्ड संख्या 16 से 20, 19 जून को वार्ड संख्या 21 से 25, 22 जून को वार्ड संख्या 26 से 30, 23 जून को वार्ड संख्या 31 से 35 तथा 24 जून को वार्ड संख्या 36 से 40 के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 25 जून को पंचायत भवन पनियाला में पनियाला, गोनेड़ा, कालूहेड़ा एवं केशवाना क्षेत्र के लिए तथा 29 जून को पंचायत भवन खेड़की मुक्कड़ में खेड़की मुक्कड़, सांगटेड़ा, बीजाहेड़ा, शेखपुर, मलाहेड़ा क्षेत्र के लिए शिविर आयोजित किया जायेगा। नगर परिषद प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर शिविरों में पहुंचकर आवश्यक सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## चेक बाउंस के मामले में आरोपी को 9 माह का कारावास

**शाहपुरा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिखा पुरोहित ने चैक बाउंस के एक पुराने मामले में आरोपी को 9 माह का कारावास और 8 लाख 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड व प्रतिकर के जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रतिकर राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

प्रार्थी ख्यालीराम योगी निवासी देवन के अधिवक्ता रणवीर कपूरिया ने बताया आरोपी विनोद कुमार वर्मा निवासी बिसाकावास तहसील थानागाजी जिला अलवर ने प्रार्थी से 6 लाख 35 हजार रुपये नगद उधार लेकर रुपयों की विधिक अदायगी हेतु प्रार्थी के पक्ष में एक चैक जारी किया गया। चैक अनादरण के सम्बन्ध में 5 जनवरी को परिवाद पेश किया गया जिस पर न्यायालय द्वारा आरोपी द्वारा दिए गये तर्कों को खारिज करते हुए कहा की समाज में पक्षकारों के मध्य व्यापारिक संव्यवहारो की शुचिता को बनाए रखने के लिए चैक अनादरण के बढ़ते मामले चिंता जनक हैं। अदालत ने आदेश दिया की आरोपी को 9 माह के कारावास की सजा सुनाई।

## श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

**सांभरझील ( निसं )।** ईश्वर की कृपा कब व किस पर हो जाए कोई नहीं जानता। जब यह एहसास हो जाता है कि यह सब परमात्मा की इच्छा से हो रहा है तो वह कभी अहंकारी नहीं हो सकता। या यूं कहें कि वर्तमान में घटित होने वाली घटना उसके प्रारब्ध से जुड़ी है इस भाव को समझने वाला ही आध्यात्मिक उन्नित का मार्ग खोज निकालता है। ऐसी ही ईश्वर की कृपा का पात्र बने सांभर के ही युवा कथा वाचक मंगल भैया उर्फ हिमांशु सुठवाल जो इन दिनों सांभर में श्रीमद्भागवत में वर्णित कथा के सार को अपनी मधुर वाणी व सरल शब्दों में व्याख्या कर बता रहे हैं कि धर्म के मार्ग पर चलकर ही मोक्ष गति को पाया जा सकता है, यह जीवन का अंतिम सत्य भी है, लेकिन माया मोह के जाल में फंसे होने के कारण आध्यात्मिक मार्ग अवरुद्ध ही रहता है। सभी कर्तव्यों के प्रति निर्लिप्त भाव से अपना कर्म करना लेकिन उसमें चित्त नहीं डालना और आत्मा से परमात्मा का जुड़ाव रखना ही जीवन की सच्ची सार्थकता है।

# भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना करवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

■ परमहंस बाबा स्वयं आश्रम के खाली पार्क में चबूतरा बनवाकर इस मूर्ति की स्थापना करवाना चाहते थे : रामफूल शर्मा

**निवाई।** परमहंस आश्रम में खाली पार्क में पूर्व निर्मित चबूतरे पर भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने की मांग को लेकर राजस्थान ब्राह्मण महासभा व सकल ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिला महामंत्री रामफूल शर्मा ने बताया कि पूर्व में संत परमहंस बाबा द्वारा परमहंस आश्रम में प्रथम गणेश जी, कार्तिक जी, दुर्गा माता, सीताराम जी, हनुमान जी एवं शंकर भगवान मय परिवार सहित नौ ग्रह देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई थीं। परंतु मंदिर परिसर में पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण उस समय भगवान परशुराम जी की मूर्ति की स्थापना नहीं हो सकी थी। उन्होंने बताया कि परमहंस बाबा स्वयं आश्रम के खाली पार्क में चबूतरा बनवाकर इस मूर्ति की स्थापना करवाना चाहते थे। हालांकि बाद में वे अस्वस्थ हो गए और उन्हें लकवा की बीमारी हो गई थी। इसके बावजूद वे लगातार समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को मूर्ति स्थापना के लिए प्रेरित करते रहे। ज्ञापन में बताया कि इस आश्रम में वर्षों से भगवान परशुराम की यात्रा आयोजित होती रही है। जिसमें कई कलश यात्राओं में शामिल हजारों महिला-पुरुष के लिए भोजन-प्रसादी व पानी की संपूर्ण व्यवस्था आश्रम में ही की जाती है। इन धार्मिक कार्यक्रमों में ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों के साथ-साथ राजस्थान ब्राह्मण महासभा, सर्व ब्राह्मण महासभा, विप्र फाउंडेशन, विप्र सेना व परशुराम सेना जैसे सभी ब्राह्मण संगठन सक्रिय भूमिका निभाते हैं। यह पूरा आयोजन सकल ब्राह्मण महासभा निवाई की देखरेख में संपन्न होता आया है। इस पुनीत कार्य में गौड़ ब्राह्मण, सनाढ्य ब्राह्मण, गौतम ब्राह्मण, पारीक ब्राह्मण, चमन गौड़ ब्राह्मण, हरियाणा ब्राह्मण, वैष्णव ब्राह्मण, खण्डेलवाल ब्राह्मण, दाधिच ब्राह्मण और द्विवेदी ब्राह्मण सहित समस्त संगठनों ने भाग लिया है। साथ ही निवाई नगर के स्थानीय निवासियों एवं समस्त हिन्दू समाज के लोगों ने भी इस कार्य के प्रति गहरी इच्छा जताते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान किया है। सकल ब्राह्मण के समस्त संगठनों ने विधायक रामसहाय वर्मा से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए जल्द से जल्द भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना करवाने की मांग की है। जिस पर विधायक रामसहाय वर्मा ने शीघ्र प्रतिमा की स्थापना करवाने का आश्वासन दिया।

# बेकाबू स्कारपियों ने सर्विस लेन पर खड़ी दो कारों व ज्यूस की रेहड़ी को मारी टक्कर



भिड़न्त में दोनों कारों व रेहड़ी के साथ-साथ स्कारपियों भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

■ कार सवार एक परिवार के चार सदस्य घायल, चालक गंभीरावस्था में जयपुर रैफर

**कोटपूतली।** कस्बे से होकर गुजर रहे दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगले के बीचों बीच सड़क पर उतर रहे राजमार्ग के एलीवेटेड पुलिया की जयपुर लेन पर गुरूवार दोपहर बाद एक भीषण सड़क हादसा हो गया।

दुर्घटना में गनीमत यह रही कि तेज गर्मी के चलते सर्विस लेन पर कोई व्यक्ति या बड़ी संख्या में वाहन नहीं खड़े थे, जिससे भारी जानमाल का नुकसान तो बच गया, लेकिन एक कार में बैठे एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गये। जिनमें से एक को जयपुर रैफर किया गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजमार्ग पर पुलिया से उतरते ही एक निजी अस्पताल के सामने बेकाबू एक स्कारपियों गाड़ी ने दो कारों व एक ज्यूस की रेहड़ी को टक्कर मार दी।

बताया जा रहा हैं कि राजमार्ग से स्कारपियों बेकाबू होकर सर्विस लेन पर जा घुसी, जहां कारों व सड़क किनारे खड़ी एक रेहड़ी से उसकी जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारों व रेहड़ी के साथ-साथ स्कारपियों भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद सर्विस लेन पर चीख पुकार मच गई। इसी दौरान अनियंत्रित होकर एक अन्य कार भी हाईवे किनारे लगी रेहड़ी से जा टकराई।

मौके पर बडी संख्या में लोग एकत्रित हो गये एवं पुलिस को सूचना दी गई। सभी घायलों को बाहर निकलवाकर राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान राजमार्ग पर वाहनों की कतारें लगने से जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये क्रेन व स्थानीय लोगों की मदद से क्षितग्रस्त वाहनों को साईड में करवाकर यातायात को सुचारू करवाया।

बताया जा रहा हैं कि स्कारपियों गाडी दिल्ली लेन की ओर से आ रही थी, जो कि डिवाईडर कूद कर सर्विस लेन की ओर अन्य वाहनों से आ टकराई। दोपहर का समय होने से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन कई मोटरसाईकिलों सहित बडी संख्या में वाहन क्षितग्रस्त हो गये।

एक जयपुर रैफर :- राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल ट्रौमा सैंटर के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि अजमेर के सुभाष नगर निवासी गौरव यादव (39) अपनी पत्नी मंजू (36) व पुत्र कबीर (10) एवं पुत्री सावी (07) के साथ कार में सवार होकर जा रहे थे, जो कि दुर्घटना में घायल हो गये। इनमें से कार चालक गौरव की हालत खराब होने पर उसे जयपुर रैफर किया गया हैं। प्राकृतिक आपदा पर किसी का बस नहीं : रामसहाय वर्मा।

## भगवान विमलनाथ का गर्भ कल्याणक दिवस मनाया

■ वस्तु स्वरूप परिवर्तनशील है, तो आदमी भी परिवर्तनशील है, मिथ्या दृष्टि से सम्यक दृष्टि, पापात्मा से धर्मात्मा व अज्ञानी से ज्ञानी, श्रावक से मुनि बन सकता है, संसार से मुक्त हो सकता है : ज्ञानश्री माताजी

**निवाई।** परम पूज्य गणाचार्य विराग सागर महाराज व पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज की शिष्या ज्ञानश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में श्री सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ मन्दिर में भगवान विमलनाथ के गर्भ कल्याणक दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान विमलनाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि ससंघ की नियमित दैनिक चर्या में प्रात: काल सामयिक प्रतिक्रमण, आचार्य वन्दना, देव दर्शन, शांतिधारा, माताजी के मुखारविन्द से स्वाध्याय भगवती आराधना पर प्रवचन, आहारचर्या, सामयिक, आरती, आनंद यात्रा, शंका समाधान सहित सामयिक व वैयावृत्ति सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालु मौजूद रहते हैं।

इस अवसर पर ज्ञानश्री माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वस्तु स्वरूप परिवर्तनशील है, तो आदमी भी परिवर्तनशील है। मिथ्या दृष्टि से सम्यक दृष्टि बन सकता है एवं पापात्मा से धर्मात्मा और अज्ञानी से ज्ञानी बन सकता है, श्रावक से मुनि बन सकता है, संसार से मुक्त हो सकता है। अत: जैसे भी हो हम अपने आप में परिवर्तन कर अपनी आत्मा को परमात्मा बनाने में सफलता प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि शहर के सभी जैन मंदिरों में भगवान विमलनाथ का गर्भ कल्याणक दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव पूर्वक पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विज्ञातीर्थ कार्यअध्यक्ष सुनील भाणजा, महेंद्र चंवरिया, राजेश गिंदोडी, महेश मोटूका, राजेश बनेठा, शैलेंद्र पाटनी, विमल बगड़ी व शैलेंद्र संघी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।